
# MUNICIPAL CORPORATION PATHANKOT

## E-NEWSLETTER

### FEBRUARY - 2018

# M.C.Ptk e – NEWS

*MUNICIPAL CORPORATIONPATHANKOT*



**Sh. Anil Vasudeva**
**(Mayor)**

**February 2018**



**Sh. Kulwant singh IAS**
**(Commissioner)**

Municipal Corporation Pathankot is releasing its e-newsletter for February 2018, which has been named as MCPtk e-News. E-News will bring awareness among citizens about various works done and being taken up by MC Pathankot. The newsletter will act like a common platform for public and MC Pathankot, with this effort we will be closer to the citizens by focusing on development activities of MC Pathankot. We congratulate the whole team for this noble concept and also wish continuity of publication of this newsletter.

# SWACHH SURVEKSHAN-2018

ਸਵੱਛਤਾ ਸਰਵੇਖਣ ਵਿੱਚ ਆਪਣਾ ਯੋਗਦਾਨ ਪਾਉ। ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰ ਨਾਗਰਿਕ ਹੋਣ ਦਾ ਫਰਜ਼ ਨਿਭਾਉ।

## ਸਵੱਛਤਾ ਐਪ

### ਡਾਊਨਲੋਡ ਕਰੋ

Swachhata

## ਸਵੱਛ ਭਾਰਤ ਅਭਿਆਨ ਦੇ ਨਾਲ ਜੁੜੋ

## MUNICIPAL CORPORATION

## PATHANKOT

# SWACHH SURVEKSHAN-2018

Central Government launched 'Swachh Survekshan-2018' to rank all the 4,041 cities and towns of the country based on infrastructure development for improved sanitation services and their sustainability, outcomes, citizen connect and visible impact on ground.

# SWACHH SURVEKSHAN-2018

Municipal Corporation Pathankot urging the Citizens to Join Hands &Participate in Swachh Bharat Mission-Swachh Survekshan Feb 2018 Your support can make Bharat Mission, Pathankot and Clean &Green Pathankot initiatives Participate in Swachhta Survekshan Feb 2018 and provide genuine feedback since it helps in improving sanitation, infrastructure and services in your city

# SWACHH SURVEKSHAN-2018

Swachh Survekshan is a ranking exercise taken up by the Government of India to assess the cities for their levels of cleanliness and active implementation of Swachhata mission initiatives in a timely and innovative manner.

Honorable Commissioner Kulwant Singh (ADC Pathankot) encouraged the large scale citizen participation of Pathankot citizens To create awareness amongst all sections of society 10 motivators and 2 CF will be working together door to door and guiding about the importance of working together towards making towns and cities a better place to live in.

## ATAL MISSION FOR REJUVENATION AND URBAN TRANSFORMATION (AMRUT)

AMRUT Mission was launched by ministry of Urban Development Government of India on 25 June, 2015.

**Objectives:-**

Providing basic services (e.g Water supply, Sewerage, Parks and Urban transportation) to households and build amenities in cities which will improve the quality of life for all, especially the poor and the disadvantaged is a national priority of this scheme.

**Government of Punjab in the department of Local Government has taken various initiatives to achieve these reforms.**

- Preparation of GIS based master plans.
- Digital India initiatives for laying cables for digital/ web networking.
- Transfer of funds under 14th Finance Commission to ULBs.
- Solar roof top panels policy and Net Metering, for more details click to the website of PEDA:solarpunjab.com
- Rain Water Harvesting (RWH) : Already there is a provision in Punjab Municipal Building Bye Laws for RWH, for more details please visit website of Department of Local Government Punjab : lgpunjab.gov.in
- To achieve full potential of advertisement revenue by making policy for destination specific potential having dynamic pricing module, Advertisement policy was notified by the Government which is available online.

- Incentives to Green buildings : A policy was notified by the Government giving incentives to green buildings, for more details visit at the website of MC Pathankot : www.mcpathankot.gov.in
- Cadre linked training: The Government has initiated various cadre linked training programs under AMRUT and other schemes.
- Complete the credit ratings of the ULBs: Government has engageda company called M/s Brickwork Ratings India Pvt. Ltd.
- SLIPand SAAPhave been prepared and action plan has been also prepared for water supply, sewerage and action plan for parks and open spaces in under process.

## SWACHHBHARATMISSION(SBM)

The Swachh Bharat Mission (SBM) emanates from the vision of the government articulated in the address of the President of India in his address to the joint session of Parliament on 9th June 2014 :-

> " We must not tolerate the indignity of homes without toilets and public places littered with garbage, for ensuring hygiene, waste management and sanitation across the nation, a " Swachh Bharat Mission" will be launched. This will be tribute to Mahatma Gandhi on his 150th birthday anniversary to be celebrated in the year 2019."

SBM is being implemented by the ministry of Urban Development (M/o UD) and by the ministry of Drinking water and sanitation (M/o DWS) for urban and rural areas respectively. These guidelines are for the implementation of Swachh Bharat Mission (Urban).

## Mission Objectives:-

- Elimination of open defecation.
- Eradication of manual scavenging.
- Modern and scientific municipal solid waste management.
- To effect behavioral change regarding healthy sanitation practices.
- Generate awareness about sanitation and its linkage with public health.
- Capacity Augmentation for ULBs.
- To create an enabling environment for private sector participation in Capex (Capital expenditure) and Opex (Operation and maintenance).

## Mission Components:-

- Household toilets, including conversion of insanitary latrines into pour flush latrines.
- Community toilets.
- Public toilets.
- Solid waste management.
- IEC and public awareness.
- Capacity building and Administration and office expenses (A & OE).

# SWACHH SURVEKSHAN-2018

Honorable Kulwant Singh further said that the survey also intends to foster a spirit of healthy competition among towns and cities to improve their service delivery to citizens, towards creating cleaner cities and towns.

## 'स्वच्छता रथ' के संदेश से स्वच्छ होगा जिला



*जागरण संवाददाता, पठानकोट जिले को साफ सुथरा तथा स्वच्छता ही सेवा एक्शन प्लान के तहत जिला*

जागरण संवाददाता, पठानकोट

जिले को साफ सुथरा तथा स्वच्छता ही सेवा एक्शन प्लान के तहत जिलावासियों को स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला में स्वच्छता रथ को एडीसी कुलवंत सिंह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। मिनी सचिवालय में आयोजित सादे समारोह में रथ को हरी झंडी देने के बाद एडीसी कुलवंत सिंह ने बताया कि जिला के विभिन्न गांवों में जाएगा और लोगों को स्वच्छता का संदेश देगा। रथ में आडियो कैसेट के जरिए लोगों को बिना शौचालय से होने वाली बीमारियों व शौचालय होने के बाद होने वाले फायदों के बारे में जागरूक करेगा। इससे पूर्व मिनी सचिवालय में सब डिवीजन लेबल, ब्लाक स्तर, कारपोरेशन तथा नगर कौंसिल में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। शपथ में कहा गया है कि मै प्रण करता हूं कि अपनी अंतर आत्मा से दृढसंकल्प करता हूं कि मैं खुद को एक स्वच्छ, तंदरुस्त तथा नव भारत के निर्माण तथा स्वच्छता जी सेवा जन लहर के लिए अपने आप को पूरी तरह से समर्पित करता हूं। एडीसी ने लोगों को प्रेरणा देते हुए कहा कि वह अपने घरों के आस-पास, स्कूल, कालेज, सेहत केंद्रों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, तालाब तथा सार्वजानिक स्थलों पर सफाई तथा शौचालयों का इस्तेमाल करने के बाद हाथों को अच्छी तरह धोए। उन्होंने स्वच्छता पखवाड़े के तहत लोगों को साफ-सफाई रखने संबंधी जागरूक करने तथा जिला को साफ तथा स्वच्छ रखने के लिए जहां अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वहीं विभिन्न गतिविधियों के जरिए लोगों को स्वच्छता रखने की अपील की गई है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा अन्य भी थे।

A swachhta app awareness camp was organized for the teachers and students of several schools in the city by the Municipal Corporation Pathankot





# SWACHHTA CAMPAIGN

The team from MC Pathankot is continuously visiting all across the school of the city guiding and motivating them for Swachh Bharat: Swachh Vidyalaya -the National campaign driving ‘Clean India: Clean Schools’





# MEDIA COVERAGE

Composed pit constructed in Shimla Pahari Park & Guru Nanak park by Municipal Corporation Pathankot





# MEDIA COVERAGE




नगर निगम के सफाई कर्मी रात के वक्त गांधी चौक में सफाई करते हुए • जागरण

# रात को सफाई से सुबह सड़कें होंगी साफ-सुथरी

**जागरण संवाददाता, पठानकोट** : बुधवार की सुबह शहर की सड़कें चकाचक देखकर शहरवासी दंग रहे गए। शहर के गांधी चौक, मेन बाजार, डाकखाना चौक व वाल्मीकि चौक की सड़कों पर रात को जहां गंदगी का आलम था वहीं सुबह पुरी तरह से साफ थी।

शहर को साफ-सुथरा बनाने के उद्देश्य से निगम प्रशासन ने नाइट स्वीपिंग (रात्रि-सफाई) सेवा शुरू की है। सफाई सेवा शुरु करने के पीछे निगम के दो उद्देश्य हैं एक तो यह कि कमर्शियल एरिया में रात को सफाई होने के बाद सुबह रिहायशी एरिया में सफाई करना आसान होगा। दूसरा पूरे भारत में सर्वेक्षण 2018 चल रहा है। ऐसे में जहां शहर साफ सुथरा होगा वहीं रैंकिंग में भी सुधार होगा। निगम की ज्वाइंट कमिश्नर डॉक्टर निधि कलोत्रा के नेतृत्व में शुरू हुए सफाई अभियान के तहत सफाई कर्मियों ने रात को मुख्य बाजारों की सफाई की। डॉक्टर निधि कलोत्रा ने कहा कि नाइट स्वीपिंग प्रोजेक्ट को फिलहाल टेंपरेरी तौर पर शुरू किया गया है। फिलहाल जो योजना है उसके मुताबिक एक दिन छोड़ कर रात्रि को शहर के बाजारों में सफाई करवाई जाएगी ताकि अगले दिन सुबह कर्मियों का काम हो सके।

जैसे-जैसे सफाई कर्मियों की संख्या में बढ़ोतरी होती जाएगी वैसे-वैसे इसे यकीनी बनाने का काम भी किया जाएगा। डॉक्टर निधि कलोत्रा ने समूह शहरवासियों से अपील की है कि वह निगम की सफाई मुहिम को वह अपना योगदान दें ताकि शहर को साफ-सुथरा बनाया जा सके। इस मौके पर नोडल आफिसर सुपरिंटेंडेंट इंद्रजीत सिंह, हेल्थ आफिसर डाक्टर एनके सिंह, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर जानू चलोत्रा, सीएसआइ दीपक कुमार, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर विक्रमजीत सिंह, सेनेटरी इंस्पेक्टर अजय कुमार आदि मौजूद थे।

# MEDIA COVERAGE

सिविल के डॉक्टरों के रिहायशी मकानों की तरफ झाड़ू लगाकर सफाई करती महिला सेवादल ( मध्य ) निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सदस्य कूड़ा कर्कट को वाहन में लोड करते हुए ( दाएं ) स्वच्छ अभियान का दौरा करते हुए डिप्टी कमिश्नर नीलिमा के साथ एसएमओ भूपिन्द्र सिंह, संयोजक महात्मा मनोहर लाल शर्मा आदि • जागरण

## 1200 अनुयायियों ने पांच घंटे में चमकाया सिविल अस्पताल

### निरंकारी मिशन ने सिविल अस्पताल में स्वच्छ अभियान चलाकर मनाया बाबा हरदेव जी का जन्मोत्सव, अस्पताल में वर्षों से नहीं हुई पूरी तरह सफाई

प्रेम कतनौरिया • पठानकोट

निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की 64वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शनिवार को संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा बड़े पैमाने पर देश के 264 सरकारी अस्पतालों में सफाई अभियान चलाया गया। निरंकारी सतगुरु माता सविन्द्र हरदेव जी महाराज के दिशा-निर्देशों के अनुसार चले इस अभियान में पठानकोट जिला के प्रमुख सिविल अस्पताल सहित कम्युनिटी हेल्थ सेंटरों की सफाई हुई। इसमें निरंकारी मिशन के हजारों सेवादल जवानों व संगतों ने इस स्वच्छ अभियान में भाग लिया।

पठानकोट सिविल अस्पताल की सफाई की सेवा पठानकोट ब्रांच के संयोजक महात्मा मनोहर लाल शर्मा की अध्यक्षता में सुबह 7 बजे से लेकर 12 बजे तक चली। जिसमें ब्रांच के 1200 सेवादल जवानों सहित संगतों ने भाग लेकर अस्पताल को अंदर से बाहर तक सफाई कर चमकाया।




वृक्ष लगाओ, विश्व बचाओ... पठानकोट सिविल अस्पताल की पार्क की सफाई करने के बाद पौधों की रक्षा के लिए पत्थर पर चूना छिड़काते हुए निरंकारी महिला सेवादल • जागरण

डिप्टी कमिश्नर नीलिमा व अस्पताल प्रबंधन ने सराहना की। बता दें कि संत निरंकारी मिशन बीते कई वर्षों से बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की जयंती पर स्वच्छ अभियान चला रहे हैं। संयोजक महात्मा ने कहा कि सफाई अभियान हो या फिर रक्तदान कैंप यह सतगुरु माता सविन्द्र हरदेव जी महाराज के निर्देशों अनुसार ही आयोजित होते हैं। आज भी स्वच्छ भारत अभियान न केवल पठानकोट बल्कि पूरे देश भर के सरकारी अस्पतालों में चलाया गया है।

#### अस्तित्व खो चुका पार्क बना खुशहाल

अस्पताल के रिहायशी मकानों के इर्दगिर्द तथा वर्षों से सफाई के अभाव में अपना अस्तित्व खो चुका पार्क आज फिर से खुशहाल दिखा। अस्पताल स्टाफ ने संयोजक महात्मा मनोहर लाल शर्मा को बताया कि वह अपने रिहायशी मकानों के इर्दगिर्द गंदगी की भरमार को दूर करवाने के लिए अस्पताल प्रबंधन को कई पत्र लिख चुके हैं। परन्तु उस पर कोई गौर नही हुई। बच्चों के खेलने की पार्क झाड़ियों व गंदगी से भरी पड़ी थी, जिसमें खेलने के लिए उनके बच्चे डरते थे।

#### जो वर्षों से नही कर पाए पांच घंटों में हुआ : एसएमओ

सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर भूपिन्द्र सिंह ने भी माना कि जिस कार्य को अस्पताल प्रबंधन कई वर्षों से नही कर पाया उसे निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने 5 घंटों में कर दिखाया। उन्होंने ब्रांच के संयोजक महात्मा मनोहर लाल शर्मा, क्षेत्रीय संचालक महात्मा सूरज मोहन कालड़ा, संचालक महात्मा हरबंस सिंह, शिक्षक महात्मा उत्तम चंद, डाक्टर ओपी बिग, आरके शर्मा को बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की जयन्ती की शुभकामनाएं दी।

#### डंप कचरे को शहर से बाहर करने में लगा डेढ़ घंटा

मिशन की ओर से सफाई अभियान का समय साढ़े तीन घंटे सुबह 7 बजे से लेकर 10 :30 बजे तक निर्धारित था। परन्तु अस्पताल की बैक साइड पर गंदगी की भरमार अधिक होने तथा सफाई के बाद डंप हुए कचरे को शहर के बाहर फेंकने के लिए करीब डेढ़ घंटा और लगा। सेवादल जवानों ने डंप कचरा ट्रालियों, आटो में भर कर शहर के बाहर फेंका।

---

**अभियान** रेलवे स्टेशन के पास इकट्ठा हुई गंदगी को उठाकर डंपिग स्थल तक पहुंचाया

## निगम ने वार्ड 49 व 46 में चलाई सफाई मुहिम

**जागरण संवाददाता, पठानकोट** : नगर निगम की ओर से नए जुड़े एरिया में सफाई चलाकर बुधवार को वार्ड 49 व 46 में डोर टू डोर कूड़ा इकट्ठा किया। इस दौरान कर्मचारियों ने रेलवे परिसर के आस-पास जमा गंदगी को भी डंपिंग स्थल तक पहुंचाया।

हेल्थ ब्रांच के इंचार्ज डाक्टर एनके सिंह ने बताया कि दोनों वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा इकट्ठा करने के बाद उसे डेयरीवाल स्थित डंपिंग स्थल तक पहुंचाया जाता है। बुधवार को विशेष अभियान चलाकर रेलवे परिसर के आस-पास निगम की हदबंदी में आती जमीन पर जमा गंदगी की भी विशेष तौर पर लिफ्टिंग की गई। उन्होंने कहा कि नए जुड़े एरिया में सफाई व्यवस्था को यकीनी बनाने के उद्देश्य से पार्ट टाइम कर्मचारियों को रखने की हाउस से मंजूरी मिल चुकी है। आने वाले दिनों में निगम की और से सफाई कर्मचारियों के लिए टेंडर काल किए जाएंगे। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1 अप्रैल से नए जुड़े एरिया के प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच कर्मचारी वार्ड में सफाई व्यवस्था को यकीनी बनाएंगे।

**निगम की हद में आती जमीन पर जमा गंदगी की भी विशेष तौर पर लिफ्टिंग की, 1 अप्रैल से नए जुड़े एरिया में होगी सफाई**



46 और 49 में निगम की ओर से चलाए गए सफाई अभियान में सफाई करते कर्मी • जागरण

# MEDIA COVERAGE

# जागरूक करके नगर निगम पहले बरतेगा नरमी, फिर करेगा सख्ती

## अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम के अधिकारी कर रहे विशेष योजना तैयार

**अतिक्रमण का जाल**

**भाग-5**

भीष्म भनोट ●पठानकोट

पठानकोट शहर में जगह-जगह दुकानों के बाहर व सड़कों के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम के अधिकारी विशेष योजना तैयार कर रहे हैं। इस योजना के तहत शुरुआत में तो नगर निगम की तरफ से दुकानदारों व अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण ना करने संबंधी जागरूक किया जाएगा। वहीं सहयोग न देने की सूरत में उनके साथ सख्ती से भी निपटा जाएगा।

इसमें निगम की एक विशेष टीम बाजार में निकल कर दुकानदारों को जागरूक करेगी। जागरुकता अभियान के बाद भी अगर दुकानदार व अन्य लोग अतिक्रमण करने से बाज नहीं आते तो नगर निगम की तरफ से सख्त रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि शहर में जगह-जगह दुकानदारों की तरफ से किए गए अतिक्रमण के कारण यहां सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है वहीं वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाने के लिए नगर निगम को एक विशेष योजना के तहत कार्य करना होगा तभी शहर को अतिक्रमण से मुक्त किया जा सकता है।



शहर के स्लिप वे पर अतिक्रमण कर लगाया गया दुकान का सामान ● जागरण

### योजना के तहत होगी कार्रवाई : इंद्रजीत सिंह

नगर निगम के सुपरिंटेंडेंट इंदरजीत सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि नगर निगम की तरफ से अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही करने के लिए एक टीम गठित की गई है। कर्मचारियों की कमी होने के चलते जब यह टीम अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने के लिए निकलती है तो अन्य अतिक्रमणकारी अलर्ट हो जाते हैं और अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर लगाया गया सामान खुद ही हटा लेते हैं। इस बार नगर निगम की तरफ से अतिक्रमण को पूरी तरह से खत्म करने के लिए विशेष योजना के तहत कार्रवाई की जाएगी।

---

**राहत** निकाय विभाग की वन टाइम सेटेलमेंट पॉलिसी के तहत 27 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

# बकायाधारक 31 मार्च तक जमा करवाएं एरियर

**जागरण संवाददाता, पठानकोट** : वर्ष 2013-14 से 2016 तक हाउस टैक्स व प्रॉपर्टी टैक्स एरियर के बकायाधारकों के लिए राहत भरी बात है।

उपभोक्ता यदि 31 मार्च तक एक ही बार में अपना बकाया जमा करवाते हैं तो उन्हें बीस फीसद जुर्माने से छूट मिल जाएगी। उपभोक्ता से 10 फीसद केवल ब्याज के रुप में अतिरिक्त राशि वसूल की जाएगी।

31 मार्च के बाद किसी भी बकाया धारक को अतिरिक्त समय न देते हुए निगम सीधे प्रॉपर्टी सील करने का अभियान छेड़ेगा। पठानकोट नगर निगम के अधीन वर्तमान में ऐसे 27 हजार के करीब उपभोक्ता हैं जिन पर पिछले चार वर्षों के हाउस टैक्स व प्रॉपर्टी टैक्स का 2 करोड़ से अधिक बकाया है।

**31 मार्च के बाद निगम किसी भी बकाया धारक को अतिरिक्त समय न देते हुए सीधे प्रॉपर्टी सील करने का छेड़ेगा अभियान**

इस बात की पुष्टि पठानकोट नगर निगम के सुपरिटेंडेंट कम प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच के इंचार्ज सरदार इंद्रजीत सिंह ने की। बकाया टैक्स जमा करवाने पर मिलने वाली दस फीसद रिबेट की सुविधा भले खत्म हो गई है लेकिन, 2017-18 का टैक्स जमा करवाने पर उपभोक्ताओं की रिबेट की सुविधा अभी बरकरार है।

### ऑनलाइन भी जमा करवा सकते हैं प्रॉपर्टी टैक्स जमा

निगम की प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि ऐसा भी नहीं है कि लोग टैक्स जमा नहीं करवाना चाहते। कई लोग टैक्स जमा करवाने की सोचते हैं तो सरकारी छुट्टी अथवा देरी हो जाने की वजह से टैक्स जमा नहीं करवा रहे। लिहाजा, ऐसे धारक घर बैठे ही ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठाते हुए टैक्स जमा करवा सकते हैं। इसके लिए वह 222.mcpathankot.gov.in पर टैक्स जमाकर दस फीसद रिबेट का लाभ उठा सकते हैं।


निगम सुपरटिंडेंट इंद्रजीत सिंह।

# MEDIA COVERAGE

# पुरानी बिल्डिंग बेच निगम बनाएगा हाईटेक दफ्तर, पार्किंग भी आसान

## वाहन पार्किंग व अधिकारियों के लिए कार्यालयों की कमी को देखते हुए लिया फैसला

**जागरण संवाददाता, पठानकोट :** निगम की वर्तमान बिल्डिंग को बेच कर सुविधाओं से लैस नया कार्यालय बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इंजीनियरिंग ब्रांच को चयनित किए गए तीन स्थानों में से एक को फाइनल करने के लिए तीनों की ड्राइंग बनाने के लिए कहा गया था। इंजीनियर ब्रांच ने भी तीनों की ड्राइंग बनाने का काम पूरा कर लिया है।

निगम की ओर से पुराना पशु अस्पताल, खड्डी-खड्ड सिविल अस्पताल के पास व नगर सुधार ट्रस्ट की सर्कुलर रोड के पास अपना नया कार्यालय बनाने पर काम किया जा रहा है। हाउस की मीटिंग में नया कार्यालय के लिए जगह फाइनल करने को लेकर सभी कार्पोरेटरों से राय ली जाएगी और जिस स्थान पर भी राय बनी वहां पर बिल्डिंग का काम फाइनल करवाया जाएगा। नया कार्यालय बनाने के लिए निगम राज्य सरकार से फंड लेने की बजाय वर्तमान में निगम की बिल्डिंग को ही बेचा जाएगा। कार्यालय को बेचने के बाद जो भी पैसे आएंगे उससे आधुनिक सुविधाओं से लैस नया कार्यालय बनाया जाएगा। आगामी कुछ दिनों के भीतर ही इस पर काम भी शुरू हो जाएगा। इस बात की पुष्टि पठानकोट नगर निगम के मेयर अनिल वासुदेवा ने की।

2014 में तत्कालीन राज्य सरकार ने पठानकोट नगर कौंसिल को नगर निगम का दर्जा दिया। वर्ष 2015 में चुनाव हुए और निगम का गठन हो गया। तीन वर्ष बीतने जाने के बाद भी निगम की ओर से जब कोई मीटिंग बुलाई जाती है तो वह वर्तमान कार्यालय की बजाय स्वीमिंग पूल कांप्लेक्स हाल में की जाती है। कारण, निगम के 50 पार्षदों के बैठने के लिए अभी तक कोई उचित स्थान नहीं है। मेयर कार्यालय में सभी पार्षदों व अधिकारियों को एक साथ लेकर मीटिंग नहीं कर पाते।



नगर निगम कार्यालय जहां पार्किंग के लिए जगह न होने की समस्या को देखते नया ऑफिस बनाने के लिए जगह चिन्हित की जा रही है • जागरण

### निगम के पास जगह

- वर्तमान निगम कार्यालय के पास पौने तीन कनाल जमीन
- पशु अस्पताल में 4 कनाल, बेसमेंट के साथ ओपन पार्किंग
- खड्डी खड्ड के पास तीन कनाल से अधिक
- सर्कुलर रोड पर भी तीन कनाल के करीब जगह है

### कारें पार्क करने में परेशानी

हालांकि, हाउस की मीटिंग में नया कार्यालय बनाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है परंतु फंड की कमी व दो नए स्थान और मिलने के बाद इस पर फाइनल नहीं हो पाया। कर्मचारी तो जैसे-कैसे दो पहिया वाहन कार्यालय में लगा लेते हैं परंतु अधिकारी अपने ड्राइवरों को गाड़ी आगे-पीछे पार्क करने के लिए कहते हुए फोन करने पर तुरंत कार्यालय में आने के लिए कहते हैं।

### बाजार में ही कार्यालय बनने से व्यापार को भी होगा लाभ

शहर के सभी कार्यालय मलिकपुर शिफ्ट हो गए हैं उसका सीधा-सीधा असर व्यापार पर पड़ा है। कार्यालय बाहर चले जाने के बाद बाहर से आने वाले लोग पठानकोट नहीं आ रहे जिस कारण कारोबार प्रभावित हो रहा है। निगम ने भी शहर के बाहर कार्यालय बनाने की बजाय अंदर ही कार्यालय बनाने की योजना तैयार की है। अधिकारियों का कहना है कि डलहौजी रोड स्थित पुराने पशु अस्पताल में चार कनाल से अधिक जमीन है। अंडरग्राउंड पार्किंग बनाकर उसे स्टाफ के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पुराने सिविल अस्पताल व सर्कुलर रोड पर इसलिए कार्यालय फिट नहीं बैठ रहा क्योंकि वहां तक पहुंचने के लिए लोगों को ट्रैफिक समस्या का सामना करना पड़ेगा। डलहौजी रोड 32 फीट चौड़ा है और पहुंचने में दिक्कतें नहीं होती।



मैं खुद इस प्रोजेक्ट को हैंडल कर रहे हैं। उम्मीद है कि इस साल इसे पूरा करवाया जाए। नया कार्यालय बनाने के लिए पुराने कार्यालय को बेचा जाएगा और जो भी पैसा आएगा उससे नया कार्यालय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त प्रस्ताव हाउस में पास हो चुका है परंतु अब होने वाली मीटिंग में जगह फाइनल करके प्रोजेक्ट को सिरे चढ़ाने पर कार्य किया जाएगा।

**अनिल वासुदेवा**, मेयर, पठानकोट

**Build It GREEN™**

Smart Solutions from the Ground Up

***<u>Contact us:-</u>***

***Municipal Corporation Pathankot Opp.Shimla Park***

***Main Bazar, Pathankot***

***e-mail :- eomcptk@yahoo.co.in***
***Tel.:- 01862220230***

**fire brigade: 0186-2220101**

**Phone No. : 0186-2220230 (9am-5pm working days)**